# हरियाणा विधान सभा

(10 अगस्त, 2022 को होने वाली हरियाणा विधानसभा की बैठक में पूछे जाने वाले)

## तारांकित प्रश्न

## 10 अगस्त, 2022

----

**कुल प्रश्न 20**

----

### नई अनाज मण्डी के लंबित कार्य को पूरा करना

***41 श्री शमशेर सिंह गोगी (असंध):**

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि असंध मे नई अनाज मंडी के लंबित कार्य को कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

----

### विकास के लिए नामित की गई नोडल एजेंसी का ब्यौरा

***42 श्री राकेश दौलताबाद (बादशाहपुर):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि-

(क) संपूर्ण विकास योजना या क्षेत्रों के समूह के लिए क्षेत्रीय सड़कों की योजना सहित एकीकृत अवसंरचना विकास करने के लिए जिसे यादि संख्या एम.आई.एस.सी. 454/2021/28849 दिनांकित 16.11.2021 में यथा अधिसूचित टी.डी.आर.एस के अनुदान तथा उपयोग के लिए नीति के 7.2 में उदधृत किया गया है, के लिए सरकार द्वारा किस नोडल एजेंसी को नामित किया है; यदि नहीं; तो उपरोक्त एजेंसी के कब तक नामित किए जाने की संभावना है;

(ख) निदेशक, नगर तथा ग्राम आयोजना, हरियाणा की अध्यक्षता मे गठित की गई एक समिति के द्वारा तैयार की गई परियाजनाओं की प्राथमिकता सूची का ब्यौरा क्या है तथा जिला गुरूग्राम में परियोजनाएं जो, अनुमोदन के लिए सरकार को प्रस्तुत की गई है, की कुल संख्या का ब्यौरा क्या है तथा लाईसेंस संख्या, नाम और कालोनाइर्स/ डेवलेपर्स का ब्यौरा क्या है; तथा

(ग) राज्य में आज तक सरकार द्वारा जारी की टी.डी.आर तथा पी.डी.आर प्रमाण-पत्र

का ब्यौरा क्या है ?

----

## ट्रॉमा सैन्टर खोलना

***43 श्री दीपक मंगला ( पलवल):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या पलवल में फरीदाबाद से मथुरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक ट्रॉमा सैन्टर खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

## क्षतिग्रस्त कपास की फसल का दावा

***44 श्रीमती किरण चौधरी ( तोशाम):**

क्या उप-मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि-

(क) क्या यह तथ्य है कि 2021 की कपास की क्षतिग्रस्त फसल के मुआवजे का भुगतान तोशाम विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के विभिन्न गांवों जैसे मीरां, ढाणी मीरां, मानधन, देवावास, जैनावास, बुशन, साहलेवाला, अलमपुर, छप्पार जोगियां, छप्पार रांगडां, पिंजोखारा, डाडम, बिडोला, ढाणी माहू, निगाना कलां, झुल्ली खरकडी, सोंहा तथा तोशाम आदि के किसानों को नहीं किया गया है;
(ख) दोषी निजी बीमा कंपनियों के खिलाफ सरकार द्वारा की गई कार्यवाही का ब्यौरा क्या है; तथा
(ग) उपरोक्त प्रभावित किसानों के मुआवजे का भुगतान कब तक किए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## जगमग योजना की वर्तमान स्थिति

***45 चौ. मामन खान ( फिरोजपुर झिरका):**

क्या बिजली मंत्री कृपया बताएंगे कि-

(क) नूंह जिले में जगमग योजना के अन्तर्गत लंबित कार्यों की वर्तमान स्थिति क्या है तथा उपरोक्त कार्यों को कब तक पूरा किए जाने की संभावना है;
(ख) उन गांवों का ब्यौरा क्या है जहां जगमग योजना कार्य पूरा हो गया है तथा फिरोजपुर झिरका विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में अभी तक लंबित फीडरों की संख्या कितनी है?

----

## सड़क का निर्माण करना

***46** **श्री प्रवीण डागर (हथीन):**

क्या उप-मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या मंडकोला में पलवल -नूंह स्टेट हाइवे संख्या-13 तथा दिल्ली-मुम्बई-बडौदा ग्रीन हाइवे इन्टरचेंज के साथ जोडने वाली सड़क के निर्माण की वर्तमान स्थिति क्या है तथा उपरोक्त सड़क के निर्माण कार्य के कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

----

## अनुसूचित जाति के कर्मचारियों को पदोन्नित में आरक्षण देना

***47** **श्री बिसम्बर सिंह ( बवानी खेड़ा):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-
(क) क्या यह तथ्य है कि राज्य में केन्द्र सरकार की तर्ज पर अनुसूचित जातियों के कर्मचारियों के (वर्ग (i) तथा(ii) ) को पदोन्नित में आरक्षण देने की घोषणा, वर्ष 2022 में राज्य स्तरीय कबीर जयंती समारोह में माननीय मुख्यमंत्री द्वारा की गई थी; तथा
(ख) यदि हां, तो उक्त घोषणा के कब तक लागू किए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है ?

----

## गोहाना को जिले के रूप में घोषित करना

***48** **श्री जगबीर सिंह मलिक (गोहाना):**

क्या उप-मुख्यमंत्री कृपया बताएंगेः-

(क) क्या गोहाना को जिले के रूप में घोषित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा
(ख) यदि हां, तो इसके कब तक घोषित किए जाने की संभावना है ?

----

## महाग्राम योजना के अन्र्तगत कार्य आरम्भ करना

***49** **श्री अमित सिहाग ( डबवाली):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि-

(क) डबवाली विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव गंगा में महाग्राम योजना के अन्र्तगत

कार्य कब तक आरम्भ/पूरा किए जाने की संभावना है;
(ख) अब तक सरकार द्वारा की गई प्रगति का ब्यौरा क्या है; तथा
(ग) क्या उपरोक्त कार्यों के निष्पादन के दौरान ग्राम गंगा के निवासियों को किसी

प्रकार की असुविधा का सामना करना पड़ा है; यदि हां,तो इस संबंध में सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए हैं?

----

## चिकित्सा की इलैक्ट्रोपैथी प्रणाली की प्रैक्टिस

***50 श्री सुधीर सिंगला (गुडगाँव):**

क्या आयुष मंत्री कृपया बताएंगेः-

(क) क्या यह तथ्य है कि राज्य में इलैक्ट्रोपैथी/इलैक्ट्रोहोमयोपैथी प्रणाली के चिकित्सक प्रैक्टिस कर रहे हैं;

(ख) यदि हां, तो राज्य में चिकित्सा की इलैक्ट्रोपैथी प्रणाली के प्रैक्टिस कर रहे चिकित्सकों की संख्या कितनी है;

(ग) क्या राज्य में उपरोक्त चिकित्सा की प्रणाली को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा कोई योजना बनाई गई है; तथा उसका ब्यौरा क्या है; तथा

(घ) क्या राज्य में चिकित्सा की इलैक्ट्रोपैथी के चिकित्सकों के पंजीकरण तथा प्रैक्टिस के संबंध में कोई कानून लागू किए जाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उसका ब्यौरा क्या है ?

----

## निधियां आबंटित करना

***51 श्री धर्मपाल गोंदर (नीलोखेडी):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि-

(क) वर्तमान सरकार के गठन से सरकार द्वारा नीलोखेड़ी नगरपालिका समिति के लिए आबंटित निधियों की सीमा कितनी है; यदि नहीं, तो क्या भविष्य में निधियां आबंटित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) क्या यह तथ्य है कि महानिदेशक कार्यालय को मेरे द्वारा 14 करोड़ रूपये के विकास कार्यों की सूची भेजी गई थी; यदि हां, तो उपरोक्त कार्यों के लिए सरकार द्वारा अब तक निधियां जारी न करने के कारण क्या हैं?

----

## नशा मुक्ति केन्द्रों को बढ़ाना

***52 श्री शीशपाल सिंह केहरवाला ( कालांवाली):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) मार्च, 2020 से जून, 2022 तक नशे के कारण सिरसा जिले में हुई मौतों की संख्या कितनी है;

(ख) सिरसा जिले में मौजूद नशा मुक्ति केन्द्रों की संख्या कितनी है तथा उनमें बिस्तरों की

संख्या कितनी है;
(ग) क्या सिरसा जिले में वर्तमान नशा मुक्ति केन्द्रों में बिस्तरों की संख्या बढ़ाने अथवा नशा मुक्ति केन्द्रों की संख्या बढ़ाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा
(घ) यदि हां, तो कालांवाली सहित सिरसा जिले में नशे के बढ़ते प्रभाव/नशाखोरी को रोकने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए या उठाए जाने की संभावना है ?

----

## सरकारी सहायता प्राप्त विज्ञान संकाय सीटों को स्वीकृत करना

*53 **श्रीमती नैना सिंह चौटाला (बाढड़ा ):**

क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि-
(क) क्या झोझू कलां में महिला महाविद्यालय में सरकारी सहायता प्राप्त विज्ञान संकाय सीटों को स्वीकृत करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इन्हें कब तक स्वीकृत किये जाने की संभावना है; तथा
(ख) झोझू कलां में महिला महाविद्यालय में एन.सी.सी. यूनिट कब तक स्थापित किये जाने की संभावना है?

----

## बस अड्डे का निर्माण कार्य पूरा करना

*54 **श्री जोगी राम सिहाग ( बरवाला):**

क्या परिवहन मंत्री कृपया बताएंगे कि बरवाला विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र में बरवाला के बस अड्डे का निर्माण कार्य कब तक किए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है ?

----

## नई स्ट्रीट लाईटों को लगाने का कार्य आरम्भ करना

*55 **श्री सुरेन्द्र पंवार (सोनीपत):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि-

(क) क्या यह तथ्य है कि नगर निगम, सोनीपत के अन्तर्गत पड़ने वाले क्षेत्र के अन्तर्गत नगर निगम द्वारा नई स्ट्रीट लाइटें नहीं लगाई जा रही हैं; यदि हां,तो उसका ब्यौरा क्या है; तथा
(ख) नई स्ट्रीट लाइटों को लगाने का कार्य कब तक आरम्भ किए जाने की संभावना है?ष्

----

## विद्यालय के नए भवन का निर्माण करना

*56 **श्री राम कुमार (इंद्री):**

क्या शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे किः-
(क) क्या यह तथ्य है कि तहसील इन्द्री के गांव बुढनपुर बांगर के प्राथमिक विद्यालय का भवन जीर्ण-शीर्ण में है; तथा
(ख) यदि हां, तो क्या उपरोक्त विद्यालय के नए भवन का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा इसके कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है ?

----

## शामलात भूमि के संबंध में कानून बनाना

*57 **श्रीमती रेनू बाला (साढौरा):**

क्या उप-मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे किः-
(क) क्या यह तथ्य है कि राज्य में कई वर्षों से देह शामलात, मुस्तरका मालकान तथा जुमला मालकान की भूमि पर किसान खेती कर रहे हैं;
(ख) क्या यह भी तथ्य है कि माननीय न्यायालय के निर्णय के पश्चात् सरकार ने इस प्रकार की भूमि को खाली करवा कर इसे पंचायत को सौंपने का आदेश दिया है; तथा
(ग) क्या कोई कानून बनाकर उपरोक्त किसानों को उक्त भूमि वापिस करने के लिए कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा
(घ) यदि हां, तो उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है ?

----

## कच्ची पटरियों को पक्का करना

*58 **श्री सुभाष गांगोली (सफीदों):**

क्या मुख्य मंत्री कृपया बताएंगे कि- क्या सफीदों शहर से गुजरने वाली नहर की दोनों तरफ की कच्ची पटरियों को
पक्का करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उपरोक्त पटरियों के कब तक पक्का किए जाने की संभावना है?

----

## बेरोजगार युवाओं की कुल संख्या

*59 **श्री बलराज कुंडू (महम):**

क्या श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री कृपया बताएंगे किः-
(क) राज्य में बेराजगारी दर क्या है तथा राज्य में बेराजगार स्नातक, स्नातकोत्तर और व्यवसायिक डिग्री धारकों की आज तक कुल संख्या कितनी है तथा 2014 से अब तक राज्य में बेरोजगारी के कारण आत्महत्या करने वाले युवाओं की कुल संख्या कितनी है; तथा
(ख) राज्य में बेरोजगारी का डेटा/आंकड़ों का जिलावार ब्यौरा क्या है?

----

## विकास कार्यों के लिए निधियां जारी करना

***60 श्री इन्दु राज (बड़ौदा):**

क्या विकास एंव पंचायत मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि बरौदा विधान सभा निर्वाचनक्षेत्र के उप-चुनाव के दौरान हरियाणा ग्रामीण विकास निधि योजना के अंतर्गत माननीय मुख्यमंत्री द्वारा गलियों, चौपालों तथा ड्रेनों का निर्माण करने के लिए घोषणा की गई थी जिसके लिए सरकार द्वारा आधी किस्त जारी कर दी गई है परन्तु हरियाणा विकास निधि प्रशासन बोर्ड के पत्र क्रमांक एच.डी.आर.एफ./2020/1817 दिनांकित 24.09.2020 द्वारा भेजे गए लगभग 10 करोड़ रूपए की दूसरी किस्त के लंबित होने के कारण सभी विकास कार्य अधूरे पडे हैं; तथा

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्वारा क्या पग उठाए गए तथा उक्त राशि के कब तक जारी किए जाने की संभावना है ?

----

**चंडीगढ़.**
**दिनांक 10 अगस्त, 2022.**

**राजेन्द्र कुमार नांदल,**
**सचिव**